3 (Sem–4) HIN M 2

2014

HINDI

(Major)

Paper : 4.2

(Chhayavadottar Kavyadhara)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) प्रयोगवादी आन्दोलन के प्रवर्तक कौन हैं? अज्ञेय

(ख) अज्ञेय-रचित प्रथम काव्य-कृति का नाम क्या है? – भग्नदूत 1933

(ग) नागार्जुन का जन्म कहाँ हुआ था? तरउनी (दरभंगा)

(घ) 'ठण्डा लोहा' नामक काव्य-कृति के रचयिता कौन हैं? धर्मवीर

(ङ) "अब मैं उसे आग से निकलते हुए देखता हूँ।" यह पंक्ति किस कविता की है?

(च) 'प्रगतिशील लेखक संघ' की भारतीय शाखा का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था? 1936 लखनऊ

(छ) किस कवि ने 'नयी कविता : निस्सहाय नकारात्मकता' नामक निबन्ध लिखा है?

(ज) 'सूर्यास्त' नामक कविता किनकी है?

(झ) मार्क्सीय अवधारणा की चर्चा में किस वैचारिक शब्द का प्रमुखतः उल्लेख होता है?

(ञ) 'छायावादोत्तर काव्य-संग्रह' के सम्पादकद्वय कौन-कौन हैं?

2. निम्नलिखित के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) "प्रयोगशील कविताएँ सिद्धान्ततः प्रगतिवादी हैं।" इस तथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'नकेनवाद' तीन कवियों के नामों के आद्य अक्षरों से बना है। इसका खुलासा कीजिए।

(ग) "नवीन भावोन्मेष की कविता में ग्रामीण संवेदना को वाणी दी गई है।" पठित कविताओं में से किसी ऐसी कविता के शीर्षक और रचयिता का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'बिछली घास हो तुम'—यहाँ 'तुम' का सम्बोधन किसके प्रति तथा किस कविता में आया है?

(ङ) 'मोचीराम' कविता के सन्देश को रेखांकित कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'हजार बाँहों वाला शिशिर' शीर्षक कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

"प्रयोगवाद के स्वरूप की स्थापना में विभिन्न प्रकाशित काव्य-संकलनों की भूमिका रही है।" इसके बारे में विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) पठित कविता के आधार पर दुपहरिया का एक शब्द-चित्र प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

नयी कविता में प्रयुक्त प्रतीकों के बारे में बताइए।

(ग) 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता में निहित भावार्थ को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

"मैं, रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ लेकिन मुझे फेंको मत" —यहाँ कवि किस अन्तर्कथा की ओर इशारा कर रहे हैं?

(घ) 'एक पीली शाम' शीर्षक कविता में उभरे बिम्बों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

लीलाधर जगूड़ी-रचित कविता 'स्त्री प्रत्यय' के शीर्षक के बारे में बताइए।

4. निम्नलिखित की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) मुझे विश्वास है
आप उसका सामना कर रहे हैं
मैंने उसका शिकार किया है
मुझे हर बार ऐसा ही लगता है।

अथवा

(ख) झूठ है यह, आदमी इतना नहीं कमजोर है
पलक के जल और माथे के पसीने से
सींचता आया सदा जो स्वर्ग के नींव
ये परिस्थितियाँ बना देंगी उसे निर्जीव?

(ग) हमारी हार का बदला चुकाने आएगा
संकल्प-धर्मा चेतना का रक्तप्लावित स्वर
हमारे ही हृदय का गुप्त स्वर्णाक्षर
प्रकट होकर विकट हो जायगा!!

अथवा

(घ) चल!
अपना काम कर।
फटी हुई बाँह से
देश की गरीबी का
क्या मतलब।

5. पठित कविताओं के आधार पर अज्ञेय के कवि-व्यक्तित्व का विवेचन कीजिए। 12

अथवा

कथ्य एवं शिल्प की दृष्टि से 'विजय : एक क्रमिक आत्महत्या' नामक कविता पर प्रकाश डालिए।

6. मुक्तिबोध-विरचित 'ब्रह्मराक्षस' कविता के प्रतिपाद्य के बारे में विचार व्यक्त कीजिए। 12

अथवा

'जनता की ज़मीन पर' शीर्षक कविता में व्यंजित भावपक्ष का विश्लेषण कीजिए।

★★★